

# अखंड भारत समाचार



पेज़ 05 मूल्य 4 रुपए बुधवार,27 मई 2026 प्रकाशित – न्यू दिल्ली अंक:02

**विज्ञापन दें**













**विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें**

**8708565733**

## पिनराई विजयन के घर के बाहर ED अफसरों की गाड़ी पर हमला, पत्थर मारकर कांच तोड़े



तिरुवनंतपुरम में केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के घर के बाहर ईडी अफसरों को ले जा रही गाड़ी पर सीपीआई (एम) के कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया। उनकी गाड़ियों को निशाना बनाते हुए ईंटे और पत्थर फेंककर कांच तोड़ दिए गए। बुधवार सुबह से ही पिनराई विजयन के कई ठिकानों पर ईडी की छापेमारी हो रही थी। जब टीम दोपहर बाद विजयन के आवास से बाहर निकलने लगी, तब वहां मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं और विजयन के समर्थकों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने ईडी अफसरों की गाड़ी को घेर लिया और नारेबाजी करने लगे। इसी दौरान, गाड़ी पर भी पत्थर फेंके गए, जिससे उसका कांच क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना के दौरान, पार्टी कार्यकर्ता काफी आक्रोशित थे। पुलिस ने उन्हें शांत करवाने की कोशिश की और किसी तरह ईडी अफसरों की गाड़ी को वहां से निकालकर रवाना किया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि किसी भी अफसर को कोई चोट नहीं आई।

## 1 जून से हवाई यात्रा करने वालों के लिए जरूरी खबर! IndiGo और Air India ने लिया बड़ा

भारत में हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए आने वाले कुछ महीने थोड़े मुश्किल भरे हो सकते हैं। देश की दो सबसे बड़ी एयरलाइंस एयर इंडिया (Air India) और इंडिगो (IndiGo) ने घरेलू उड़ानों में कटौती करने का फैसला लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 1 जून 2026 से अगले 90 दिनों तक दोनों कंपनियां कई घरेलू रूट्स पर उड़ानों की संख्या कम करेंगी। इसकी सबसे बड़ी वजह एविएशन टर्बाइन फ्यूल (ATF) यानी विमान ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी और गर्मी की छुट्टियों के बाद यात्रियों की मांग में कमी बताई जा रही है।सूत्रों के अनुसार एयर इंडिया (Air India) अपनी घरेलू उड़ानों में करीब 15% तक कटौती कर सकती है, जबकि इंडिगो (IndiGo) 5% से 7% तक उड़ानें कम करने की तैयारी में है। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है, जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईंधन की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं और पश्चिम एशिया में तनाव का असर एविएशन सेक्टर पर भी दिखाई दे रहा है।



## अल-अक्सा मस्जिद पर कब्जे की तैयारी? अमेरिका-इजरायल का ये है पूरा प्लान



यरुशलम की अल-अक्सा मस्जिद को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है. रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि अमेरिका और इजरायल मिलकर ऐसा नया सिस्टम लाना चाहते हैं, जिससे जॉर्डन की ऐतिहासिक संरक्षक भूमिका खत्म हो जाए.
फिलिस्तीन के यरुशलम स्थित अल-अक्सा मस्जिद को लेकर एक नई राजनीतिक और धार्मिक लड़ाई छिड़ती दिखाई दे रही है. दावा किया जा रहा है कि अमेरिका और इजरायल मिलकर एक ऐसे नए प्लान पर काम कर रहे हैं, जिसके तहत अल-अक्सा मस्जिद पर जॉर्डन की दशकों पुरानी संरक्षक यानी कस्टोडियन की भूमिका को खत्म किया जा सकता है. रिपोर्ट के मुताबिक इस योजना को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जारेड कुशनर और इजरायल में अमेरिकी राजदूत माइक हकाबी आगे बढ़ा रहे हैं. हालांकि कुशनर फिलहाल अमेरिकी प्रशासन में किसी आधिकारिक पद पर नहीं हैं, लेकिन बताया जा रहा है कि वह पर्दे के पीछे सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं. इस कथित प्रस्ताव के तहत जॉर्डन समर्थित इस्लामिक वक्फ की शक्तियां खत्म कर दी जाएंगी और उसकी जगह इजरायल सरकार की निगरानी में एक नया निकाय बनाया जाएगा.

## हमें बचा लो... जिस देश के डर से कभी कांपता था US, आज दुनिया से लगा रहा मदद की



अमेरिका से महज 90 मील की दूरी पर स्थित क्यूबा की हालत इन दिनों खराब हो चुकी है। यह कैरेबियाई द्वीप इस समय इतिहास के सबसे बड़े संकट से गुजर रहा है। एक तरफ जहां देश में ऊर्जा संकट चरम कर है और लोग दाने-दाने को मोहताज हैं, वहीं दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सैन्य कार्रवाई की धमकियों ने क्यूबा के अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर दिया है। इसके बाद अब क्यूबा ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मदद की गुहार लगाई है। हालांकि क्यूबा की स्थिति हमेशा ऐसी नहीं थी। एक वक्त था जब अमेरिका भी क्यूबा के नाम से कांपता था इतिहास गवाह है कि क्यूबा हमेशा से इतना लाचार नहीं था। क्यूबा ने दशकों तक लैटिन अमेरिका और अफ्रीका में अपना दबदबा कायम किया था। इतिहास को समझने की कोशिश करें तो 1959 की क्रांति बेहद अहम रही। इस दौरान फिदेल कास्त्रो और चे गेवेरा ने मिलकर क्यूबा में अमेरिका समर्थित बतिस्ता तानाशाही को उखाड़ फेंका और एक कम्युनिस्ट सरकार की स्थापना की। अमेरिका की नाक के नीचे एक कम्युनिस्ट देश का बनना उसके लिए सबसे बड़ी रणनीतिक दुर्घटना थी। इसके बाद आया वो 'मिसाइल संकट' जिसने दुनिया को परमाणु युद्ध के मुहाने पर ला कर खड़ा कर दिया। क्यूबा के इतिहास का सबसे स्वर्णिम दौर भी यही था। 1962 में सोवियत संघ ने गुपचुप यहां अपनी परमाणु मिसाइलें तैनात कर दी थीं, जिससे पूरी दुनिया तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी हो गई थी। तब अमेरिका भी क्यूबा से कांपता था। क्यूबा ने न केवल अमेरिका को दशकों तक चुनौती दी, बल्कि अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के कई देशों के आंदोलनों में अपनी सेना भेजकर वैश्विक स्तर पर अपना लोहा मनवाया था

# NEET लीक, SSC में धांधली और CBSE का 'डिजिटल' ब्लंडर...एग्जाम सिस्टम को कोस रहे छात्र



Education System India: भारत में एजुकेशन सिस्टम को लेकर सवाल उठना कोई नई बात नहीं है, लेकिन पिछले कुछ दिनों में कई ऐसे मामले लगातार सामने आए हैं, जिन्होंने सिस्टम की पोल खोलकर रख दी है. मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम NEET पेपर लीक से शुरू हुआ विवाद CBSE के डिजिटल कॉपी चेकिंग तक पहुंचा और अब SSC भी इसकी चपेट में आ चुका है. ऐसे में छात्र सोशल मीडिया पर सवाल उठा रहे हैं कि क्या उनका भविष्य ऐसे ही दांव पर लगता रहेगा? आइए जानते हैं कि पिछले कुछ दिनों में कौन-कौन सी बड़ी परीक्षाओं को लेकर सवाल उठे और इससे अभ्यर्थियों या छात्रों का कितना नुकसान हुआ. नीट पेपर लीक का मामला थमा भी नहीं था कि सीबीएसई ने 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया, इस रिजल्ट में कई छात्रों को अपनी मार्कशीट देखकर यकीन नहीं हुआ, उन्हें जितनी उम्मीद थी, उससे काफी कम अंक मिले थे. ऐसे में सीधे सीबीएसई के ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम पर सवाल उठने लगे. बोर्ड ने प्रयोग के तौर पर इस बार डिजिटल तरीके से कॉपियों की जांच की थी.

## आज 'बेबी बॉस' का बल्ला बदलेगा IPL का बिग गेम? क्यों हो रही सचिन से तुलना




आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर में राजस्थान रॉयल्स के 15 साल के स्टार वैभव सूर्यवंशी पर सबकी नजरें टिकी हैं. उनकी बल्लेबाजी को लेकर जिस तरह का उत्साह और इंतजार देखने को मिल रहा है, उसने क्रिकेट प्रेमियों को सचिन तेंदुलकर के दौर की याद दिला दी है. यह कहानी बताती है कि कैसे वैभव सिर्फ रन नहीं बना रहे, बल्कि करोड़ों भारतीयों के लिए 'इंतजार करवाने वाले बल्लेबाज' बनते जा रहे हैं.
आज (27 मई) आईपीएल 2026 का एलिमिनेटर खेला जाएगा. राजस्थान रॉयल्स (RR) और सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) आमने-सामने होंगे, लेकिन इस मुकाबले का सबसे बड़ा आकर्षण कोई कप्तान, कोई विदेशी स्टार या कोई अनुभवी मैच विनर नहीं है. दुनिया की नजर 15 साल के उस 'बेबी बॉस' पर है, जिसने पूरे सीजन को अपनी बल्लेबाजी से हिला कर रख दिया है... यानी कोई और नहीं- वो है वैभव सूर्यवंशी.यह किसी एक मैच की कहानी नहीं है. यह किसी एक शतक, किसी एक रिकॉर्ड या किसी एक आईपीएल सीजन की कहानी भी नहीं है. यह उस बेसब्री की कहानी है, जो क्रिकेट में बहुत कम पैदा होती है. वह दीवानगी, जब लोग मैच का इंतजार नहीं करते, बल्कि किसी एक बल्लेबाज का इंतजार करते हैं.


## मोहम्मद रफी की आवाज में ये गाना सुन रो पड़ी थीं इंदिरा गांधी, फिल्म को देश भर में कर

60 का दशक मोहम्मद रफी की मखमली आवाज के नाम था। इस दशक में उन्होंने कई खूबसूरत, दर्द भरे गाने गाए जिन्हें सुनने के बाद लोगों की आंखें नाम हो जाती थीं। जब भी किसी फिल्ममेकर को अपनी फिल्मों में एक ऐसे गाने की तलाश हुआ करती थी जो लोगों की आत्मा में उतर जाए तो वो रफी को याद करते थे। मोहम्मद रफी की आवाज में वो जादू था कि उस समय की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी अपने आंसू रोक नहीं पाई थी। रफी की आवाज में उस गाने को सुनने के बाद इंदिरा गांधी रो पड़ीं थीं। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में सावन कुमार टाक नाम के एक प्रोड्यूसर हुआ करते थे। सावन कुमार ने अपने फिल्मी करियर में कई बड़ी फिल्मों पर पैसा लगाया, कई शानदार फिल्में ऑडियंस तक पहुंचाई। उनकी फिल्मों की कहानी ऑडियंस के दिल को छू जाती थीं। सावन कुमार फिल्मों के साथ देश की राजनीति में भी दिलचस्पी रखते थे और देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से प्रभावित थे। उन्हें पसंद करते थे। लेकिन 27 मई 1964 की एक खबर आई कि जवाहरलाल नेहरू नहीं रहे। इस खबर से सावन कुमार दुखी हो गए और उन्होंने उसी समय तय किया कि वो नेहरू पर एक फिल्म बनाएंगे और उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। लंबे समय बाद एक कहानी पर काम हुआ और 1967 में एक फिल्म बनकर तैयार हुई नौनिहाल।



## रणवीर सिंह पर बैन नहीं', FWICE के अशोक पंडित ने समझाया पूरा केस, बीएन तिवारी बोले- वो आसमान से नहीं आए

रणवीर सिंह और 'डॉन 3' का विवाद अपने चरम पर है। मामले पर सोमवार को तब नए सिरे से शोर मचना शुरू हो गया, जब खबर आई कि 'फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज' (FWICE) ने एक्टर पर बैन लगा दिया है। हालांकि, FWICE के मुख्य सलाहकार और फिल्म प्रोड्यूसर अशोक पंडित ने साफ किया है कि यह 'बैन' यानी प्रतिबंध लगाने जैसी बात नहीं है। रणवीर सिंह के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है और एक 'नॉन-कोऑपरेशन' यानी 'असहयोग' का निर्देश जारी किया गया है। यह कदम रणवीर सिंह के फरहान अख्तर की फिल्म 'डॉन 3' से अचानक बाहर होने के बाद उठाया गया है। अशोक पंडित ने स्पष्ट किया कि संगठन किसी पर भी 'बैन नहीं लगा सकता', क्योंकि यह कोई अदालत नहीं है।रणवीर सिंह के खिलाफ यह कार्रवाई तब हुई जब फिल्ममेकर फरहान अख्तर ने 2 अप्रैल को 'इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन डायरेक्टर्स एसोसिएशन' (IFTDA) से संपर्क किया। इसके बाद, 11 मई को इस मामले की शिकायत FWICE के पास की गई। फेडरेशन ने कहा कि उसने इस मामले को गंभीरता से लिया है, लेकिन वह अभी भी आपसी सहमति से समाधान निकालने के लिए तैयार है। सोमवार को फेडरेशन के प्रेसिडेंट बीएन तिवारी, मुख्य सलाहकार अशोक पंडित, मानद महासचिव अशोक दुबे और कोषाध्यक्ष गंगेश्वरलाल श्रीवास्तव, ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और FWICE की ओर से नोटिस जारी करने का ऐलान किया।




Antra™
Antra Developers
oicci
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
INDIA'S FASTEST GROWING REAL ESTATE COMPANY
OICCI (Oasis Group) –
Global Strategic Partner of Antra Group
आज का निवेश,
कल का भविष्य!
ढोलेरा स्मार्ट सिटी में प्रीमियम प्लॉट्स
का सुनहरा अवसर
RESIDENTIAL PLOTS
INDUSTRIAL PLOTS
COMMERCIAL PLOTS
HIGH RETURN POTENTIAL
TRUSTED NAME FOR GENERATIONS
INVEST IN DHOLERA SMART CITY
हर कदम भरोसे का,
हर दिशा विकास की
Future-Ready Infrastructure
Wide Roads & Green Surroundings
Easy Connectivity
Safe & Secure Investment
DHOLERA SMART CITY
LIMITED PLOTS AVAILABLE
BOOK YOUR PLOT TODAY!
Call / WhatsApp
7878781509 | 8708565733
Visit Our Website
www.antradevelopers.com
Email Us
info@antradevelopers.com


Antra™
Antra Developers
oicci
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
OICCI (Oasis Group) –
Global Strategic Partner of Antra Group
YOUR VISION.
OUR MISSION.
हर कदम भरोसे का, हर दिशा विकास की
INDIA'S FASTEST GROWING REAL ESTATE COMPANY
RESIDENTIAL
INDUSTRIAL
COMMERCIAL
SMART CITY PLOTTING
India's One of the Largest Growing Companies
Future-Ready Investment
Trusted Name for Generations
BOOK YOUR PLOT NOW
info@antradevelopers.com | Call / WhatsApp: 7878781509 | 8708565733 | www.antradevelopers.com


oicci
Antra
Antra Developers
हर कदम भरोसे का हर दिशा विकास की
हम लेकर आ रहे है
आपके शहर में
DHOLERA SMART CITY
CEO CONCLAVE 2026
देशभर के उद्यामपतियों, निवेशकों, बिजनेस लीडर्स और चैनल पार्टनर्स को
CEO CONCLAVE में आमंत्रित कर रहे है।
भविष्य के भारत की सबसे बड़ी
SMART CITY OPPORTUNITY
पर विशेष चर्चा
★ You Are Invited ★
INVESTMENT OPPORTUNITIES
FUTURE INFRASTRUCTURE
BUSINESS NETWORKING
WEALTH CREATION
CHANNEL PARTNERS
8708565733
7878781509
www.antradevelopers.com




## दिल्ली में लड़की के साथ चाट खाने गए स्टूडेंट को मारी गोली, CCTV फुटेज से 3 की खोजबीन

दिल्ली के अमर कॉलोनी इलाके में मंगलवार रात 12वीं कक्षा के एक छात्र को गोली मारने की वारदात सामने आई है। जख्मीहालत में उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। मामले की जांच मेंज जुटी पुलिस तीन संदिग्ध हमलावरों की तलाश है। जांच में जुटी पुलिस रंजिश और आपसी विवाद सहित सभी कोणों को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।पुलिस के मुताबिक घायल छात्र और उसके साथ मौजूद लड़की दोनों 12वीं कक्षा के बताए जा रहे हैं। मंगलवार शाम दोनों अमर कॉलोनी इलाके में एक चाट की दुकान पर पहुंचे थे। इसी दौरान कुछ युवक वहां पहुंचे और किसी बात को लेकर इनका आपस में विवाद हुआ, जिसके बाद छात्र पर गोली चला दी गई।सूत्रों के मुताबिक, गोली छात्र के सिर में लगी, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल छात्र को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके।









OASIS न्यूज़

प्रकाशित न्यू दिल

हिंदी दैनिक अखंड भारत समाचार

E-mail . oasisnewstv@gmail.com Website. www.oasisnews.in

Number. 8708565733

COMMERCIAL TARIFF CARD

DELHI-RAJASTHAN-LUCKNOW

EFFECT FROM 1ST JANUARY 2026

| PARTICULARS | Per Col. Sq.cm |
|---|---|
| REGULAR DISPLAY IN ELECTION | (Color) Rs.250/- |
| REGULAR DISPLAY ADVERTISEMENTS IN B & W | Rs.100/- |
| REGULAR DISPLAY ADVERTISEMENTS IN COLOR | Rs.200/- |
| TENDER NOTICE, COMPANY NOTICE, LEGAL &PUBLIC NOTICES | Rs.200/- |
| EAR PANEL (FRONT PAGE) | Rs.250/- |
| CLASSIFIED ADVERTISEMENTS | Rs.100/-per Line |
| CHANGE OF NAME, MATRIMONIAL, SITUATION | |
| FULL PAGE (B/W) | Rs.1.26,100/- |
| FULL PAGE (COLORS) | Rs.3,45,200/- |
| QUARTER PAGE SINGLE EDITION (COLOR) | Rs.1,50,000/- |
| SPECIAL POSITON | |
| FRONT PAGE | 100% Extra |
| COLUMNPER PAGE | 8 Columns |
| WIDTH OF COLUMN | 4 Cm |
| LENGTH OF COLUMN | 52 Cm |

WE HAVE COMPLETE ARRANGEMENT FOR TRANSLATION

OFFICE: Paschim Vihar, New Delh
110063
Ph.: 8708565733
E-mail: oasisnewstv@gmail.com
Website: www.oasisnews.in

